कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail:nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक–2693 / FP/UK/ROAD/150771/2022 :देहरादूनःदिनांकः 7 अप्रैल, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड,
मुनिकीरेती।

विषयः–जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकासखण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत जौधार बैण्ड से माछनी मोटर मार्ग के नव निर्माण कार्य 0.995 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

सन्दर्भः–आपका पत्रांक 2189/12–1 दिनांक 26.04.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव ऑनलाईन दिनांक 27.04.2022 को एवं प्रस्ताव की 03 हार्ड प्रति आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा दिनांक 29.04.2022 को प्राप्त हुई है। आप द्वारा प्रस्तुत हार्ड प्रति के गहन अवलोकन करने के पश्चात निम्न प्रकार प्रस्ताव में अपूर्णता दृष्टिगत हो रही है, जिसका निराकरण किया जाना तत्काल आवश्यक हैः–

1. प्रस्ताव के संलग्न प्रारूप–16 (परियोजना की लम्बाई–चैडाई का विवरण) में सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अपेक्षित है।
2. एन0पी0वी0 की देय धनराशि का आंकलन नई दरों से किया जाना अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल पर यथास्थान अपलोड करते हुये प्रस्ताव में भी संलग्न किया जाये।
3. परियोजना निर्माण से प्रभावित होने वाले वृक्षों का अंग्रेजी/वैज्ञानिक/स्थानीय नाम अंकित करते हुये प्ररूप Additional Column में अपलोड किय जाये।

उक्त आपत्तियों के निराकरण करने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी/प्रयोक्ता एजेन्सी को अपने स्तर से निर्देशित करते हुये कमियों का पूर्ण निराकरण कर हार्ड मूल प्रति सहित (03 प्रतियों में) ऑनलाईन/ऑफलाईन इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी

पत्रांक–2693 / FP/UK/ROAD/150771/2022 तद्दिनांकित।

1. **प्रतिलिपिः**–प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रस्ताव में इंगित कमियों का प्रस्तावक विभाग से पूर्ण निराकरण करवाकर प्रस्ताव इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।
2. **प्रतिलिपिः**–अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, श्रीनगर, मु0–कीर्तिनगर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त प्रस्ताव इस कार्यालय से वापस प्राप्त कर भलि–भांति अवलोकन कर आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात प्रस्ताव प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी